भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1958 का उत्तर

रेलवे में स्वीकृत पद/रिक्तियां

1958. श्रीमती जून मालिया:
श्री शफी परम्बिल:
श्री रामप्रीत मंडल:
श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से आज की तिथि तक रेलवे और उसके जोनल डिवीजनों में सुरक्षा सहित विभिन्न श्रेणियों में कुल कर्मचारियों की संख्या, रिक्तियों और की गई नियुक्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अगले तीन वर्षों के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की श्रेणी-वार संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले दस वर्षों के दौरान रेलवे में वर्ष-वार कुल कितने पद समाप्त किए गए हैं;

(घ) वर्तमान में आउटसोर्स/संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या कितनी है और उन्हें किन कार्य श्रेणियों के लिए नियुक्त किया गया है;

(ङ) पिछले वर्ष रेलवे भर्ती परीक्षा में बैठने वाले आवेदकों की कुल संख्या कितनी थी;

(च) क्या सरकार वर्तमान वर्ष में रिक्त पदों को भरने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 'कैडर में भारी रिक्तियां अंततः कार्यरत कर्मचारियों की काम करने की स्थिति को प्रभावित करती हैं' और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (छ): वर्ष 2004-2005 से 2013-2014 की तुलना में 2014-2015 से 2024-2025 के दौरान भारतीय रेल में की गई भर्तियों का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:-

अवधि	भर्तियां
2004-2005 से 2013-2014 तक	4.11 लाख
2014-2015 से 2024-2025 तक	5.08 लाख
2025-2026 (अब तक)	34,929

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन महत्व को ध्यान में रखते हुए पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालन, प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों, यंत्रीकरण और नवोन्मेषी पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति मुहैया कराई जाती है। इन रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकीय संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा भर्ती एजेन्सियों को मांग पत्र भेजकर भरा जाता है।

वर्तमान में, वार्षिक कैलेंडर 2024 और 2025 के अनुसार भारतीय रेल में 1,43,086 रिक्तियों पर अराजपत्रित कर्मचारियों की भर्तियां शुरू की गई हैं।

सहायक लोको पायलटों (एएलपी), तकनीशियनों, रेलवे सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए), पैरामेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक), गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (पूर्व-स्नातक), अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और लेवल-1 कोटियों जैसे सहायक, ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्समैन के पदों को भरने के लिए जनवरी से दिसम्बर 2024 के दौरान 92,116 रिक्तियों के लिए दस केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई थीं।

59,678 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पूरी की जा चुकी है। इनका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	18,40,347	156	15
तकनीशियन के पद (14,298 रिक्तियां तकनीशियन ग्रेड-1 सिगनल सहित) हेतु सीबीटी	26,99,892	139	15
जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	11,01,266	146	15

रे.सु.ब.- एस.आई के पद (452 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	15,35,635	143	15
रे.सु.ब. - कांस्टेबल के पद (4208 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	45,30,288	147	15
पैरामेडिकल कोटियों (1376 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	7,08,321	143	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	58,41,774	141	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (3445 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	63,27,473	157	15
अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों हेतु सीबीटी (1,036 रिक्तियां)	4,46,013	139	15
कुल अभ्यर्थी	2,50,31,009		

सहायक लोको पायलट, जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक एवं पूर्व स्नातक) के पदों के लिए द्वितीय चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) भी पूरी कर ली गई है। इनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	2,66,363	112	15
जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	1,17,339	118	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	1,21,931	129	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (3445 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	51,978	79	15
कुल अभ्यर्थी	5,57,611		

सहायक लोको पायलट (एएलपी) और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) पद के लिए कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा (सीबीएटी) तथा गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक), अनुसचिवीय और पृथक कोटियों के लिए कंप्यूटर आधारित कुशलता परीक्षा भी पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु सीबीएटी	1,32,044	84	2
अनुसचिवीय और पृथक कोटियों के लिए अनुवाद परीक्षा	1,233	8	2
गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए सीबीएटी	13,616	38	2
गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण कुशलता परीक्षा (सीबीटीएसटी)	30,341	58	2
कुल अभ्यर्थी	1,77,234		

लेवल-I कोटियों के 32,438 रिक्तियों हेतु प्रथम चरण सीबीटी दिनांक 27.11.2025 से 15 भाषाओं में 140 शहरों में शुरू की गई है। कांस्टेबल (रे.सु.ब.) के 4,208 रिक्तियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दिनांक 06.12.2025 को पूरी कर ली गई है।

34,000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए पैनल, जिसमें तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल कोटियों, उप-निरीक्षक (आरपीएफ) और सहायक लोको पायलटों के पद शामिल हैं, को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश संरक्षा कोटियां हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 50,970 रिक्तियों के लिए नौ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएँ भी जारी की गई हैं। इनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या	पद का नाम	अधिसूचित की गई रिक्तियों की संख्या	अधिसूचना जारी करने का माह
01/2025	सहायक लोको पायलट	9,970	मार्च 2025
02/2025	तकनीशियन	6,238	जून 2025
03/2025	पैरा मेडिकल कोटि	434	जुलाई 2025
04/2025	सेक्शन कंट्रोलर	368	अगस्त 2025
05/2025	जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक	2,585	अक्टूबर 2025
06/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक)	5,810	अक्टूबर 2025
07/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक)	3,058	अक्टूबर 2025
08/2025	पृथक कोटियां	312	दिसंबर 2025
09/2025	स्तर-1	22195	दिसंबर 2025

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों को जुटाने तथा जनशक्ति के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों का सामना किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक संचालन किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने या इसी तरह के कदाचार की कोई घटना सामने नहीं आई है।

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर शुरू होने से अभ्यर्थी निम्नानुसार लाभान्वित हो रहे हैं:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रति वर्ष योग्यता प्राप्त करने वालों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

रेलवे में प्रौद्योगिकी, नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रथाओं में परिवर्तन को पूरा करने के लिए मानवशक्ति समीक्षा एक सतत् प्रक्रिया है। कभी-कभी पदों को परिचालनिक और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार पुनर्वितरण किया जाता है।

कार्यों की तात्कालिकता को देखते हुए, रिक्त पदों पर नियमित पदधारी के कार्यभार ग्रहण करने तक कामचलाऊ व्यवस्था के तौर पर संविदागत नियुक्ति/आउटसोर्सिंग की जाती है। ये संविदात्मक नियुक्ति/आउटसोर्सिंग पूरी तरह से अस्थायी और सीमित समय के लिए होती है और प्रचलित नियमों एवं कार्यपद्धतियों के अनुसार नियमित चयन के जरिए पदों के भरे जाने तक सुगम रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु की जाती है।

******